दिनांक : 25.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- भारत और जर्मनी के बीच हरित हाइड्रोजन सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर।
- केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर एल.मुरूगन भोपाल दौरे पर, तमिल संगम कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- बुदनी और विजयपुर उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का आज था अंतिम दिन।
- प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की हुई शुरूआत।

## भारत-जर्मनी द्विपक्षीय

भारत और जर्मनी ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए हरित हाइड्रोजन से लेकर नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों और समझौतों पर आज हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद नई दिल्ली में इन समझौतों का आदान-प्रदान किया गया।

भारत और जर्मनी ने वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक सुरक्षा पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने नवाचार और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद कहा कि...भारत की युवा शक्ति जर्मनी की समृद्धि और विकास में योगदान दे रही है। हम भारत के लिए जर्मनी की कुशल श्रम रणनीतियों का स्वागत करते हैं।

## मंत्री दौरा

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन आज भोपाल के दौरे पर हैं। वे आज तमिल संगम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। श्री मुरूगन कल 'एक दशक स्वच्छता के, स्वच्छ भोपाल के लिए विशेष पहल' विषय पर आयोजित मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी और नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा पत्रकारों के लिए इस मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय भी शामिल होंगे करेंगे।

## शिक्षक सम्मान समारोह

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षक, आदर्श समाज और राष्ट्र के शिल्पकार हैं। माता-पिता, बच्चों को जन्म और संस्कार देते हैं, जबकि शिक्षक

उन्हें ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों के साथ आदर्श नागरिक बनाते हैं। राज्यपाल श्री पटेल आज भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान तथा गणवेश राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समारोह की अध्यक्षता की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित 14 शिक्षकों, वर्ष-2023 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त दो शिक्षकों और राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। नवाचार श्रेणी के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन द्वारा विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त रतलाम के सीएम राइज विनोबा विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। प्रदेश के 54 लाख विद्यार्थियों के खातों में गणवेश के लिए 324 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित भी की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से पाठ्यक्रम में संस्कार आधारित शिक्षा के समावेश और क्रियान्वयन के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

निर्वाचन नामावली

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। इस पर दावे-आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। इसके बाद नवम्बर माह में विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसके बाद 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। श्री सिंह ने बताया कि जो युवा 1 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और voters.eci.gov.in पर किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क किया जा सकता है।

नामांकन

सीहोर जिले के बुदनी और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए आज नामांकन भरने का अंतिम दिन था। बुधनी भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ अन्य जनप्रतिनिधी

मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा प्रचंड जीत की और बढ़ रही है।

विजयपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कई अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। दोनों सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को और मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार- 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी।

श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 - 1 1 - 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

क्रिकेट भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुणे में खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 198 रन बनाकर 301 रन की बढत बना ली है। न्यूजीलैण्ड के पहली पारी में 259 रन के जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैण्ड के ऑलराउंडर मिशेल सेन्टनर ने सबसे अधिक सात विकेट लिए।

समर्थन मूल्य

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाचीन की खरीदी आज से 1400 केन्द्रों पर प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 25 सितम्बर

से 20 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई की गई, जिसमें 3 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया है। नर्मदापुरम में भी आज से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी शुरू हो गई है। यहां 9 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराए हैं। जिले में 13 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा 6 खरीदी केंद्र सिवनी मालवा तहसील में हैं।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया है कि "मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना" के तहत दिव्यांगजन "स्पर्श पोर्टल" के माध्यम से 31 अक्टूबर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।
- प्रदेश में समस्त जिलों में चयनित शालाओं में एनसीईआरटी द्वारा 4 दिसम्बर को राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 परख आयोजित किया जा रहा है। सर्वेक्षण कक्षा 3, 6 और 9 में आयोजित किया जायेगा।
- रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रीवा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 21 नवम्बर को द्वारका के लिए प्रस्थान करेगी। पात्र बुजुर्ग तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय अथवा नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।
- अशोक नगर में पराली एवं नरवाई से हो रहे वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए जागरूकता कर्यक्रम चलाया जा रहा है। आज कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- खंडवा में इस सीजन में पहली बार कल रात का तापमान 18.0 डिग्री रहा। सुबह शहर में हल्के कोहरे के साथ धुंध भी छाई रही। हालांकि दिन में धूप निकलने से गर्माहट महसूस हुई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- भारत और जर्मनी के बीच हरित हाइड्रोजन सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर।
- केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर एल.मुरूगन भोपाल दौरे पर, तमिल संगम कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- बुदनी और विजयपुर उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का आज था अंतिम दिन।
- प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की हुई शुरूआत।